संपादकीय

# चिंताजनक है ये खबर

भारत में भी टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों में गंभीर इंफेक्शन का मामला देखा गया है। यह इंफेक्शन जननांग और उसके आसपास के हिस्से में हो रहा है। इस इंफेक्शन को मेडिकल भाषा में 'नैक्रोटाइजिंग फैसियाइटिस ऑफ द पेरिनियम' या 'फोरनियर्स गैंगरीन' कहा जाता है।

डायबिटीज की एक दवा के गंभीर दुष्परिणाम की खबर चिंताजनक है। गौरतलब है कि इस दवा के इस्तेमाल से जननांगों में इंफेक्शन का मामला पहले अमेरिका और कनाडा में सामने आया था। अब ऐसा भारत में भी हुआ है। भारत में भी टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों में गंभीर इंफेक्शन का मामला देखा गया है। यह इंफेक्शन जननांग और उसके आसपास के हिस्से में हो रहा है। इस इंफेक्शन को मेडिकल भाषा में 'नैक्रोटाइजिंग फैसियाइटिस ऑफ द पेरिनियम' या 'फोरनियर्स गैंगरीन' कहा जाता है। सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने राज्यों के सभी ड्रग कंट्रोलर्स को इंफेक्शन के लिए जिम्मेदार मानी जा रही दवा को लेकर आगाह किया है। उसने आदेश दिया है कि सोडियम ग्लूकोज कोट्रांसपोर्टर-2 दवा के पैकेज पर संबंधित चेतावनी लिखी जाए। अमेरिकी ड्रग एजेंसी एफडीए ने 2013 में इस दवा के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। फिलहाल इसे मेटफॉर्मीन के बाद डायबिटीज की दूसरी दवा के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। बताया गया है कि ये दवा सोडियम-ग्लूकोज कोट्रांसपोर्ट प्रोटीन का स्तर उठा देती है, जिससे किडनी में ब्लड फिल्ट्रेशन के दौरान ज्यादा से ज्यादा ग्लूकोज मूत्र के जरिए शरीर से बाहर निकल जाता है। इससे डायबिटीज पीड़ितों के शरीर में ग्लूकोज का स्तर कम हो जाता है। लेकिन इस दवा के कुछ दुष्प्रभाव भी सामने आए हैं। इससे मूत्रनलिका का इंफेक्शन हो रहा है। बताया गया है कि हड्डियों के कमजोर होने का खतरा भी हो सकता है। डायबिटीज एक गंभीर रोग है, जो खून में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ने से संबंधित है। यह दिल, नसों, आंखों और किडनी को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें टाइप-2 डायबिटीज सबसे आम है, जो खासकर वयस्कों में होता है। यह तब होता है जब खून में इंसुलिन नहीं घुल रहा होता या फिर शरीर में पर्याप्त इंसुलिन का निर्माण नहीं होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक पिछले तीन दशकों में कम कमाई वाले देशों में टाइप-2 डायबिटीज के मामलों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने संसद में कहा था कि भारत में डायबिटीज से पीड़ित मरीजों की निश्चित संख्या का पता नहीं है, लेकिन इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन के डायबिटीज एटलस-2021 के मुताबिक भारत में 20 से 79 साल के डायबिटीज मरीजों की संख्या करीब 7.5 करोड़ है। साल 2045 तक इसके बढ़ कर 12.5 करोड़ हो जाने की आशंका है। इसीलिए ताजा खबर चिंता बढ़ाने वाली है।

# भारतपे ने दर्ज की रिकॉर्ड वृद्धि




**नई दिल्ली ।** वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनी भारतपे ने अपने सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर से जुड़े विवादों को पीछे छोड़ते हुए 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। भारतपे के सीईओ सुहैल समीर ने कहा है कि कंपनी अब लागत को निकालने की ओर अग्रसर है।

कंपनी को अगले 18 से 24 माह में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कराने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि ग्रोवर ने कंपनी के साथ पैसे की जो धोखाधड़ी की है, उसके बारे में निदेशक मंडल आगे की चीजें तय करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता कंपनी के कर्मचारी हैं, जिससे वे स्थिर तरीके से कामकाज कर सकें।

हमारे लिए दूसरी प्राथमिकता कारोबार के मोर्चे पर आगे बढ़ने की है। कारोबार ही मेरे लिए और मेरी टीमों के लिए जरूरी है। हम इसपर दोगुना ध्यान दे रहे हैं। इसके नतीजे भी अच्छे मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी-मार्च की तिमाही में सभी मानकों मसलन लेनदेन, टीपीवी, ऋण और राजस्व के मोर्चे पर हमारा कारोबार 20 प्रतिशत बढ़ा है। हम यह तब हासिल कर पाए हैं जबकि कोविड-19 की वजह से दिल्ली और कई शहरों में अंकुश लागू थे।

भारतपे दुकानदारों को क्यूआर कोड के जरिये डिजिटल भुगतान की सुविधा देती है। अब कंपनी की मौजूदगी 225 शहरों में है। कंपनी के मंच से अब 80 लाख से अधिक दुकानदार (मर्चेंट) जुड़े हैं। 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष में इनकी संख्या 50 लाख थी। उन्होंने कहा कि कंपनी के मंच पर लेनदेन मूल्य (टीपीवी) सालाना आधार पर ढाई गुना बढ़कर 16 अरब डॉलर हो गया है। इसी तरह बिक्री केंद्र (पीओएस) कारोबार भी दोगुना हो गया है। मार्च तक हमारे मंच पर चार अरब लेनदेन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे मंच से कर्ज लेने वाले दुकानदारों की संख्या बढ़कर तीन लाख हो गई है जो एक साल पहले 1.6 लाख थी। समीर ने कहा, हमने पिछले वित्त वर्ष में 65 करोड़ डॉलर का ऋण देने में मदद की। उन्होंने बताया कि कंपनी का अभी खरीदो-बाद में भुगतान करो उत्पाद काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसे करीब पांच माह पहले पेश किया गया था। इसपर हर महीने 10 लाख लेनदेन हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी चालू वित्त वर्ष के अंत तक 300 शहरों में विस्तार करने की तैयारी है। समीर ने कहा कि कंपनी 18 से 24 माह में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। उस समय तक हमारा टीपीवी 40 से 45 अरब डॉलर और राजस्व 50 करोड़ डॉलर पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा मर्चेंट कारोबार 12 से 15 माह में मुनाफे की स्थिति में आ जाएगा।

# कंपनियों के तिमाही परिणाम तय करेंगे शेयर बाजार की चाल



मुंबई । वैश्विक बाजार के कमजोर रुख के बावजूद रिजर्व बैंक (आरबीआई) के महंगाई को नियंत्रित करने और विकास की गति को बनाए रखने के उद्देश्य से प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखने के निर्णय से बीते सप्ताह तेजी पर रहे शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय कारकों के साथ ही कंपनियों की चौथी तिमाही के परिणाम से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 170.69 अंक की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 59447.18 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 126.85 अंक चढ़कर 17797.30 अंक पर रहा। इस दौरान दिग्गज कंपनियों के मुकाबले छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक तेजी रही। बीएसई का मिडकैप 859.8 अंक उछलकर 25303.39 अंक और स्मॉलकैप 1066.38 अंक की छलांग लगाकर 29765.79 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह शेयर बाजार के लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में जबरदस्त बढ़त देखी गई और यह प्रवृत्ति जारी रहने की संभावना है। अगले सप्ताह सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दो दिग्गज कंपनियों टीसीएस और इंफोसिस के पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं, जिसका असर बाजार पर देखा जा सकेगा। टीसीएस का परिणाम 11 अप्रैल और इंफोसिस का 13 अप्रैल को जारी होगा। उनका कहना है कि इनके अलावा वैश्विक संकेत, कच्चे तेल की कीमत और विदेशी संस्थागत निवेशकों के रुख का भी शेयर बाजार पर असर रहेगा।

# ईशान किशन ऑरेंज कैप के करीब पहुंचे, जोस बटलर अब भी नंबर वन पर कायम

**मुंबई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 का 18वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया। इस मुकाबले में बैंगलोर ने मुंबई को सात विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। डबल हेडर मुकाबले के बाद राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर का ऑरेंज कैप पर अब भी कब्जा बना हुआ है। बटलर अभी तक इकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 200 रनों का आंकड़ा पार कर रखा है। उनके अभी 3 मैचों में 205 रन है। वहीं, पंजाब किंग्स के खिलाफ 96 रनों की पारी खेलने वाले गुजरात टाइटंस के ओपनर शुभमन गिल ऑरेंज कैप की रेस में तीन मैचों में 180 रनों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। बैंगलोर के खिलाफ 26 रन बनाने वाले ईशान किशन ऑरेंज कैप की रेस में टॉप 3 में पहुंच गए हैं। ईशान 4 मैचों में 175 रनों के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके अलावा पंजाब किंग्स के विस्फोटक बल्लेबाज लियाम लिविंस्टन चार मैचों में 162 रनों के साथ चौथे और लखनऊ सुपर जायन्ट्स के सलामी बल्लेबाज च्ंटिन डिकॉक 4 मैचों में 149 रनों के साथ पांचवें नंबर पर हैं।

# घर बनाना होगा महंगा, अभी और बढ़ेंगे सीमेंट के दाम




**नई दिल्ली।** बढ़ती मांग के बीच कच्चे माल की कीमतों में तेजी के कारण सीमेंट के दाम में अभी और बढ़ोतरी होने की संभावना है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के मुताबिक गत माह सीमेंट की कीमतों में मासिक आधार पर दो से तीन फीसदी की तेजी दर्ज की गयी है। हालांकि, साल के अंत में लक्ष्य की पूर्ति के लिये सीमेंट के उत्पादन में तेजी भी लायी गयी थी, लेकिन इससे भी सीमेंट के दाम को नियंत्रित नहीं किया जा सका।

कंपनी ने बताया कि डीलर्स के साथ की गयी बातचीत से यह पता चला है कि दक्षिण और मध्य भारत में सीमेंट की कीमतों में प्रति बोरी 15 से 20 रुपये की तेजी रही, जबकि पूर्वी, उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में सीमेंट के दाम प्रति बोरी पांच से दस रुपये बढ़े। कंपनी का कहना है कि सीमेंट कंपनियां कच्चे माल की कीमतों के प्रभाव को कम करने के लिये इसका बोझ ग्राहकों पर और डालेंगी, जिससे सीमेंट के दाम तेज होंगे।

कोयले और पेट्रोलियम कोक की बढ़ी कीमतों का प्रभाव अप्रैल 2022 से ऊर्जा की कीमतों पर दिखेगा। पिछले कुछ दिनों से डीजल के दाम भी बढ़ रहे हैं, जिससे माल ढुलाई की लागत अधिक हो गयी है। सीमेंट कंपनियों ने पूरे देश में अप्रैल से सीमेंट की हर बोरी पर 40 से 50 रुपये बढ़ाने के संकेत दिये हैं।

जनवरी और फरवरी में सुस्ती के बाद मार्च में सीमेंट की मांग में सुधार आया। मार्च 2022 में वार्षिक आधार पर सीमेंट की मांग तीन से पांच प्रतिशत बढ़ी, जबकि जनवरी-फरवरी के दौरान इसमें छह प्रतिशत की गिरावट रही। कुछ डीलर्स का कहना है कि अप्रैल से सीमेंट के दाम में तेजी होने की आशंका के कारण मार्च के अंत में सीमेंट की मांग बढ़ गयी थी। वास्तविक मांग रूझान का पता अप्रैल के मध्य में ही चलेगा।

# विराट कोहली को आउट देने के फैसले पर हुआ विवाद, सोशल मीडिया पर फैंस का फूटा गुस्सा




**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2022 के 18वें मुकाबले में आरसीबी ने मुंबई इंडियंस पर 7 विकेट से जीत दर्ज की। इस मुकाबले के अंत होते होते एक विवाद ने तूल पकड़ ली। यह विवाद तब शुरू हुआ जब थर्ड अंपायर ने विराट कोहली को एलबीडब्लू आउट करार दिया, जबकि गेंद उनके बैट पर पहले लगी थी। विराट कोहली 48 रन बनाकर आउट हुए। कोहली के आउट होने से आरसीबी को कोई नुकसान नहीं हुआ। मैक्सवेल ने आकर पहली दो गेंदों पर दो चौके लगाकर आरसीबी को जीत दिलाई। इस जीत के साथ फाफ डु प्लेसी की यह टीम प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर पहुंच गई है।

विराट कोहली को आउट करार देने का यह किस्सा 19वें ओवर का है। यह ओवर डेवाल्ड ब्रेविस डालने आए और उन्होंने पहली ही गेंद पर विराट कोहली को विकेट के आगे फंसाया। बड़ी अपील के साथ मुंबई के फील्डरों ने अंपायर से आउट की अपील की और अंपायर ने उन्हें आउट भी करार दिया।

कोहली जानते थे कि गेंद उनके बैट से पहले टकराई है जिस वजह से उन्होंने तुरंत रिव्यू लिया। कोहली इस रिव्यू के लिए कॉन्फिडेंट दिख रहे थे। थर्ड अंपायर ने जब अल्ट्रा एज में चैक किया तो उन्होंने पाया कि गेंद बैट और पैड पर एक साथ लग रही है जिस वजह से उन्होंने अंपायर के फैसले के साथ जाने का मन बनाया। इसके बाद उन्होंने कोहली को एलबीडब्लू आउट करार दिया।

**कोहली को आउट देने के इस फैसले को फैंस ने गलत बताया और ट्विटर पर गुस्सा जाहिर किया-** बात मैच की करें तो मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के 68 रनों के दम पर आरसीबी के सामने 152 रनों का लक्ष्य रखा था। इस स्कोर पर बैंगलोर ने 9 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। आरसीबी के लिए विराट कोहली के अलावा अनुज रावत ने 66 रनों की शानदार पारी खेली।

# मुंबई को मिली लगातार चौथी हार, आरसीबी ने सात विकेट से जीता मैच




**मुंबई ।** अनुज रावत (66) और विराट कोहली (48) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की वजह से यहां महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2022 के 18वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को सात विकेट से हरा दिया। वहीं, रावत और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 80 रन की बड़ी साझेदारी हुई। मुंबई ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 151 रन बनाए थे। मुंबई ने अपना चौथा मैच गंवाते हुए आईपीएल के अंक तालिका में निचले स्तर पर आकर 9वां स्थान दर्ज किया। मुंबई द्वारा दिए गए 152 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत बढ़िया रही। एमआई ने गेंदबाजी की शुरुआत जयदेव उनादकट के साथ की। अपने पहले ओवर में वे बेहद महंगे साबित हुए। उनके इस ओवर में अनुज रावत ने लगातार दो छक्के लगाकर 13 रन बटोरे।

बैंगलोर ने पहले पावरप्ले में एक भी विकेट नहीं गंवाया और 30 रन बनाए। वहीं, उसके बाद बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस और अनुज रावत के बीच पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी भी हुई है।

हालांकि, जयदेव उनादकट ने अपने दूसरे ओवर में आरसीबी को फाफ डुप्लेसिस के रूप में पहला झटका दिया। गेंदबाज ने उन्होंने सूर्यकुमार के हाथों कैच कराया, जहां बल्लेबाज ने 24 गेंदों में 16 रन बनाए। उनके बाद बल्लेबाज विराट कोहली ने पारी का मोर्चा संभाला और अनुज रावत के साथ एक शानदार पारी को अंजाम दिया। दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से रन बटोरे।

वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के सलामी बल्लेबाज अनुज रावत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में अपना पहला अर्धशतक ठोका। रमनदीप सिंह ने आरसीबी को दूसरा झटका अनुज रावत के रूप में दिया। उन्होंने 47 गेंदों में छह छक्के और पांच चौके की मदद से शानदार 66 रन की पारी खेली।

# आरआरआर की सफलता से खुश राम चरण ने क्रू मेंबर्स को बांटे सोने के सिक्के



साउथ के सुपरस्टार राम चरण तेजा इन दिनों हर कहीं चर्चा में हैं और उनका चर्चा में होना भी बनता है, क्योंकि उनकी हालिया रिलीज फिल्म आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म को मिली इस कामयाबी से राम चरण सातवें आसमान पर हैं। अब फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए उन्होंने इसके क्रू मेंबर्स को एक सरप्राइज दिया है। उनकी दरियादिली की फैंस खूब तारीफ कर रहे हैं।


राम चरण ने कैमरा असिस्टेंट, प्रोडक्शन मैनेजर, अकाउंटेंट, स्टिल फोटोग्राफर्स, डायरेक्शन डिपार्टमेंट के अलावा दूसरे डिपार्टमेंट के लगभग 35 क्रू मेंबर्स को सोने के सिक्के बांटे हैं। हैदराबाद में अपने घर पर उन्होंने सबको नाश्ते पर बुलाया और फिर मिठाई के साथ सिक्के गिफ्ट किए। सिक्कों पर एक तरफ अभिनेता का नाम है तो दूसरी तरफ आरआरआर का साइन बना हुआ है। हर एक सिक्का करीब 11.6 ग्राम का है। हर सिक्के की कीमत 55,000 से 60,000 रुपये तक है। आरआरआर से पहले फिल्म पुष्पा ने भी बॉक्स ऑफिस पर धुआंदार कमाई की थी। फिल्म के निर्देशक सुकुमार ने भी क्रू मेंबर्स को तोहफा दिया था।

# कुछ अलग करने में मुझे जोश मिलता है : यामी गौतम



दसवी और ए थर्सडे जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से धमाल मचाने वाली अभिनेत्री यामी गौतम का कहना है कि उन्होंने कुछ अलग करने की कोशिश की है और एक अभिनेत्री के रूप में ऐसा करने से उन्हें जोश मिलता है। उसी के बारे में बात करते हुए यामी ने कहा, फिल्म (दसवी) में एक हरियाणवी पुलिस वाले की भूमिका निभाने में मुझे बहुत मजा आया और मैं अपने काम को लेकर मिली शुरूआती प्रतिक्रिया से खुश हूं। मेरा परिवार, मेरी टीम और कुछ दोस्त, जिन्होंने कुछ दिन पहले मेरे साथ अपनी राय के बारे में हमेशा ईमानदार रहते हैं और मुझे खुशी है कि वे पूरी फिल्म में मेरे किरदार से मजबूती से जुड़े रहे।

# चुकंदर से बनाएं जायकेदार पैन केक



चुकंदर सेहत के लिए कई मायनों में फायदेमंद है। यह हमारी बॉडी में हीमोग्लोबिन तो बढ़ाता ही है। साथ ही, इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स हमारे इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाते हैं। तो आज इससे बनाएंगे टेस्टी डिश।

## सामग्री :

मैदा- 1 कप, गेहूं का आटा- 3/4 कप, चीनी- 1 टीस्पून, बेकिंग पाउडर- 1 टीस्पून, चुकंदर प्यूरी- 3/4 कप, दूध- 1/4 कप, दही- 1 कप, अंडा- 1, वनीला एसेंस- 1 टीस्पून, अनसॉल्ट बटर- 3 टीस्पून मैल्ट, चॉकलेट सीरप- गार्निशिंग के लिए

## विधि :

सबसे पहले आप एक बाउल में गेहूं का आटा, मैदा, चीनी और बेकिंग पाउडर को मिक्स कर लें।

फिर दूसरे बाउल में चुकंदर प्यूरी, दूध, अंडा, मक्खन, दही और वनीला एसेंस डालकर अच्छी तरह से फेंट लें।

अब आटे के मिक्सचर में चुकंदर का मिक्सचर डालकर अच्छे से फेंट लें।

अब एक पैन लेकर उसमें थोड़ा सा ऑयल डालें जब ऑयल गर्म हो जाए तब इस पर 2 टेबलस्पून बैटर डालकर एक तरफ से गोल्डन होने तक सेक लें।

फिर इसे पलट कर दूसरी तरफ से भी सेक लें। इसे सर्विंग प्लेट में निकालें और गरमा-गर्म पैन केक को शहद, चॉकलेट सिरप या फिर रसबेरी सॉस के साथ सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 38

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 037 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# सू-दोकू- 38

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.037 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज अपने लक्ष्य के प्रति आपका दृढ संकल्प बना रहेगा। आप दूसरों को भी अपना काम बेहतर ढंग से पूरा करने का साहस देंगे। आज नवरात्र के आठवें दिन माता महागौरी आपके साभी कार्यों को सफल बनायेंगी।

***वृष:*** आज महाअष्टमी के दिन आपके सभी कार्य सफल होंगे। आप अपनी ऊर्जा से निरस चीज में भी जान भरने की क्षमता रखेंगे। माता-पिता आपसे बेहद खुश होंगे। आशीर्वाद के रूप में आपको उनसे कोई गिफ्ट मिलेगा।

***मिथुन:*** मां दुर्गा की कृपा से घर और ऑफिस में तालमेल बनाने में आप सफल रहेंगे। आपका कोई जरूरी काम आज पूरा हो जायेगा। जो लोग ग्राफिक्स बनाने का काम करते हैं, उनके लिये दिन अच्छा रहेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

***कर्क:*** आज आप घर के बड़े-बुजुर्गों के प्रति स्वभाव नरम बनाये रखें, इससे आपके साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। कुछ लोग आपका फायदा उठाना चाहेंगे। ऐसे लोगों से आपको बच के रहना चाहिए।

***सिंह:*** अपने कार्यों की सफलता के लिये आज नवरात्र के आंठवें दिन धार्मिक कार्यों में सहयोग देना चाहिए। छात्रों को भी आगे बढने के लिये थोड़ी अधिक मेहनत करनी होगी। दाम्पत्य रिश्ते के मामले में दिन अच्छा रहेगा।

***कन्या:*** आज कुछ नये लोगों के साथ जुडने का मौका मिलेगा। आज आपके ऑफिस के कार्यों को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। छोटे भाई-बहन अपने किसी काम के लिये आपसे सहायता लेनी पड़ेगी।

***तुला:*** आज माता महागौरी के आशीर्वाद से जीवन में चल रही परेशानियों का समाधान मिलेगा। किसी से बात करते समय अपनी वाणी पर संयम रखें। सीनियर्स आपके काम से खुश रहेंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा।

***वृश्चिक:*** आपकी प्रोफेशनल लाइफ आज अच्छी रहेगी। आपका कोई काम आज बहुत ही अच्छे तरीके से पूरा होगा। आपके जीवनसाथी को भी करियर में कोई बड़ी उपलब्धि मिलेगी, जिससे आपकी खुशी दुगनी हो जायेगी।

***धनु:*** अगर आप पार्टनरशिप में कोई काम कर रहे हैं, तो आज आपको मुनाफा होगा। बिजनेस पार्टनर आपकी बातों से सहमत होंगे। नौकरी कर रहे लोगों को जल्द ही कोई बड़ा पद मिलने के योग बन रहे हैं। आप अपने पद की गरिमा को बनाये रखेंगे।

***मकर:*** आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से फ़ोन पर बात करने का मौका मिलेगा। आपको ये मौका बिल्कुल भी नहीं गंवाना चाहिए। नवरात्र के शुभ अवसर पर आप घरवालों के साथ किसी नजदीकी धार्मिक स्थल पर जाने का मन बनायेंगे।

***कुंभ:*** आज आपके अंदर नेतृत्व करने की क्षमता आयेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का मान सम्मान बढ़ेगा। आपको अचानक से बड़ा धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान कराएंगे।

***मीन:*** आपको अपने किसी काम के लिये परिवार के लोगों से सराहना मिलेगी। दोस्तों के साथ रिश्तों में अपनापन बना रहेगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। रूटीन एक्सरसाइज आपको जोडों के दर्द से राहत दिलायेगी।